उत्तर मध्य रेलवे

रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ
प्रयागराज

नवाब युसुफ रोड
बाल्मिकी चौराहा, सिविल लाइन्स
प्रयागराज – 211001
दूरभाष (रेलवे) : 0532–2223961
ईमेल–helpdesk@rrcpryj.org

सं. : आरआरसी/एनसीआर/पीआरवाईजे/जीडीसीई– 01/2026 दिनांक : 09.11.2026

महत्वपूर्ण सूचना

विषय : जीडीसीई 01/2026 के अन्तर्गत ऑनलाईन आवेदन में त्रुटि/सुधार हेतु एक अवसर।

रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, प्रयागराज, उत्तर मध्य रेलवे द्वारा सामान्य विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा नोटिफिकेशन सं. जीडीसीई – 01/2026, दिनांक 28.09.2026 के अन्तर्गत ऑनलाइन माध्यम से दिनांक 01.10.2026 से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 30.10.2026 थी।

अंतिम तिथि तक ऑनलाइन आवेदन पूर्ण रूप से सबमिट करने वाले अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार/संशोधन हेतु एक अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है।

ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने ऑनलाईन पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) कर लिया है किन्तु अंतिम तिथि तक ऑनलाईन आवेदन Submit नहीं कर सकें हैं वे भी संशोधन विंडो (modification window) खुलने की अवधि के दौरान आवेदन पूर्ण कर सकते हैं।

ऑनलाइन आवेदन पत्र में संशोधन हेतु लिंक, रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, प्रयागराज की आधिकारिक वेबसाइट www.rrcpryj.org पर दिनांक 10.11.2026 से 16.11.2026 (23:59) तक उपलब्ध रहेगा।

उक्त अवधि के पश्चात् किसी भी अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन में किसी भी प्रकार के संशोधन का अवसर नहीं दिया जाएगा एवं अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन में भरी गई जानकारी को अंतिम माना जाएगा। इसके उपरान्त भी ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि के लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ
प्रयागराज